भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

24 फरवरी 2019

<u>भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा अमृतसर, पंजाब में आयोजित विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु</u>

पुलवामा में हमारे वीर जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाने दी जायेगी। आतंकवादियों को ऐसा सबक मिलेगा कि वे लंबे समय तक ऐसा करने की हिम्मत नहीं कर पायेंगे

****

देश की सवा सौ करोड़ जनता ने एक बार फिर से केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सरकार बनाने का मन बना लिया है

****

एक समाजसेवी किसान जब सरकार चलाते हैं, उसका उदाहरण पंजाब की अकाली-भाजपा गठबंधन सरकार थी और एक राजा-महाराजा किस तरह की सरकार चलाते हैं, इसका उदाहरण कैप्टन अमरिंदर सिंह की वर्तमान कांग्रेस सरकार है

****

कांग्रेस की कैप्टन अमरिंदर सिंह सरकार ने पंजाब की जनता के साथ वादाखिलाफी की है। अमरिंदर सिंह जी ने एक माह में नशे के कारोबार को ख़त्म करने का वादा किया था, हर घर नौकरी और 2500 रुपये बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था, ठेके पर काम करने वाले कर्मचारियों को परमानेंट करने का वादा किया था, सातवाँ वेतनमान लागू करने की बात कही थी लेकिन एक भी वादा अब तक पूरा नहीं हुआ

****

विधान सभा चुनाव के समय राहुल गाँधी ने पंजाब में कर्जमाफी का वादा किया था, पंजाब के किसानों पर लगभग 90 हजार करोड़ रुपये के कर्ज था लेकिन अब तक केवल 18 हजार करोड़ रुपये ही माफ़ किये गए। मतलब, कर्जमाफी इस तरह हुई कि पंजाब के किसानों को इसका कोई लाभ नहीं मिल पाया

****

कांग्रेस के दो साल की सरकार में ही भटिंडा और रोपड़ थर्मल पावर यूनिट बंद हो गए, ट्रक यूनियन ख़त्म हो गया, सरकारी नौकरी देना बंद हो गया, गाँवों में विकास कार्य बंद हो गए, लगभग 800 सरकारी स्कूल बंद हो गए, लगभग 1933 सस्ती दवाई के केंद्र बंद हो गए

****

पंजाब में कांग्रेस की सरकार के दो साल में ही स्कूलों में छात्रों को मिलने वाली किताबें बंद हो गई, स्कूल ड्रेस बंद हो गए, छात्रों को मिलने वाली साइकिल की स्कीम भी बंद हो गई, एससी स्कॉलरशिप मिल नहीं रही और कृषि के लिए दी जाने वाली मुफ्त बिजली बंद कर दी गई

****

मुझे यह मालूम ही नहीं पड़ता कि कांग्रेस की कैप्टन अमरिंदर सिंह सरकार पंजाब में विकास करने वाली सरकार है या विकास को बंद करने वाली सरकार

****

मोदी सरकार ने सबसे पहला काम 1984 में हुए भयावह सिख नरसंहार में दोषियों को सजा दिलाने के लिए एसआईटी का गठन किया, साथ थी, दंगा पीड़ितों को पांच-पांच लाख रुपये की सहायता राशि भी दी गई

****

30 साल तक सिख नरसंहार के एक भी दोषी को सजा नहीं मिल पाई थी लेकिन मोदी सरकार में आज सज्जन कुमार जेल की सलाखों के पीछे पहुंचे हैं

****

कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू अभी कह रहे थे कि वे करतारपुर साहिब लेकर आये हैं। सिद्धू जी, आप करतारपुर साहिब नहीं, पाकिस्तान जाकर उस पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष से गले मिल कर आये हो जो हमारे जवानों को अकारण शहीद कर देते हैं। आपने हिन्दुस्तान को नीचा दिखाने का अपराध किया है

****

सिद्धू जी, आप जिस पार्टी में हो, उस कांग्रेस पार्टी ने तो आजादी के समय श्री करतारपुर साहिब को पाकिस्तान को दे देने का पाप किया था। श्री करतारपुर साहिब केवल पांच किलोमीटर की दूरी पर है, यदि कांग्रेस पार्टी को करतारपुर साहिब के प्रति इतना ही सम्मान होता तो वे इसे पाकिस्तान में जाने ही न देते

****

यह प्रधानमंत्री श्री नेरन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार है जिसने करतारपुर साहिब कॉरिडोर की शुरुआत कर सिख श्रद्धालुओं को नमन करने का अवसर दिया है

****

13वें वित्त आयोग में कांग्रेस की सोनिया-मनमोहन सरकार ने पंजाब को विकास के लिए लगभग 30,157 करोड़ रुपये की राशि दी जबकि मोदी सरकार ने 14वें वित्त में राज्य के लिए लगभग 1,61,907 करोड़ रुपये आवंटित किये

****

एक ओर पंजाब को कांग्रेस की यूपीए सरकार से चार गुना ज्यादा ज्यादा देने वाले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी है, एक ओर श्री प्रकाश सिंह बादल जी हैं जिनका पूरा जीवन पंजाब के विकास के लिए समर्पित रहा, वहीं दूसरी ओर विपक्षी गठबंधन की महामिलावटी टोली है जो देश का कभी भला नहीं कर सकती

****

विपक्षी गठबंधन चुनाव में जनादेश मांगने निकला है लेकिन पहले वह अपना नेता तो तय कर ले, एनडीए की ओर से तय है कि श्री नरेन्द्र भाई मोदी पुनः देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं क्योंकि देश की जनता यही चाहती है

****

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आज से देश के लघु एवं सीमांत किसानों के एकाउंट में 6,000 रुपये सालाना सीधा ट्रांसफर करने की शुरुआत की है जो किसानों को समय पर खेती के लिए खाद, बीज, सिंचाई आदि में काफी सहायक होगी

****

सोनिया-मनमोहन की कांग्रेस सरकार ने 10 सालों में एक बार केवल तीन करोड़ किसानों के महज 53,000 करोड़ रुपये ही माफ़ किये जबकि मोदी सरकार ने हर साल देश के 12 करोड़ से अधिक किसानों को 75 हजार करोड़ रुपये सीधे उनके बैंक एकाउंट में ट्रांसफर करने का निर्णय लिया है

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज अमृतसर (पंजाब) के फतेहगढ़ चुरियाँ चौक, में विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया और पुलवामा में पाक प्रेरित आतंकवादियों के हमले में शहीद वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए केंद्र में पुनः प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने की अपील की। उन्होंने पुलवामा हमले में शहीद पंजाब के वीर सपूतों आनंदपुर साहिब से श्री कुलविंदर सिंह, गुरदासपुर से श्री मनिंदर सिंह, तरनतारण से श्री सुखजिंदर सिंह तरनतारन और मोगा से श्री जयमल सिंह को भी अशुर्पूरित श्रध्धांजलि अर्पित की और कार्यकर्ताओं के साथ उनकी याद में दो मिनट का मौनव्रत भी रखा। उन्होंने कहा कि **पुलवामा में हमारे वीर जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाने दी जायेगी। आतंकवादियों को ऐसा सबक मिलेगा कि वे लंबे समय तक ऐसा करने की हिम्मत नहीं कर पायेंगे।**

श्री शाह ने कहा कि **पंजाब वीरों, संतों, गुरुओं, किसानों और नदियों की पावन भूमि है।** श्री अकाल तख़्त साहिब और श्री हरिमंदिर साहिब के चरणों में वंदन करते हुए उन्होंने कहा कि श्री हरिमंदिर साहिब के सामने का हैरिटेज वाक अपने आप में पूरी दुनिया में अनूठा है जिसका निर्माण अकाली-भाजपा गठबंधन सरकार ने किया। इसके लिए उन्होंने श्री प्रकाश सिंह बदल और उनके मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों को धन्यवाद भी दिया। महर्षि वाल्मीकि की तपोभूमि का भी विकास करने के लिए उन्होंने राज्य की पूर्ववर्ती भाजपा-अकाली गठबंधन सरकार को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने

गुरुनानक देव जी के **550**वें प्रकाश वर्ष को भव्य रूप में मनाने का भी निर्णय लिया जो एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि **एक समय हम गेहूं और धान आयात करने पर विवश थे लेकिन पंजाब के किसानों ने अपना पसीना बहा कर देश को अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने का काम किया।** उन्होंने कहा कि **देश की सुरक्षा से पंजाब के जवान कभी पीछे नहीं हटे।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि एक पत्रकार ने पंजाब में **अकाली-भाजपा गठबंधन सरकार और कांग्रेस की वर्तमान सरकार के बीच का अंतर स्पष्ट करते हुए कहा कि एक समाजसेवी किसान जो सरकार चलाती है, उसका उदाहरण पंजाब की अकाली-भाजपा गठबंधन सरकार थी और एक राजा-महाराजा किस तरह की सरकार चलाते हैं, इसका उदाहरण कैप्टन अमरिंदर सिंह की वर्तमान कांग्रेस सरकार है।** उन्होंने कहा कि कैप्टन अमरिंदर सिंह की वर्तमान कांग्रेस सरकार ने राज्य की कई विकास योजनाओं को बंद करने का काम किया है। **पंजाब विधान सभा चुनाव के समय कैप्टन अमरिंदर सिंह ने एक माह में राज्य से नशे के कारोबार को ख़त्म करने का वादा किया था, हर घर नौकरी देने का वादा किया था, 2500 रुपये बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था, ठेके पर काम करने वाले कर्मचारियों को परमानेंट करने का वादा किया था, सातवाँ वेतनमान लागू करने की बात कही थी लेकिन एक भी वादा अब तक पूरा नहीं हुआ।** उन्होंने कहा कि **विधान सभा चुनाव के समय राहुल गाँधी ने पंजाब में कर्जमाफी का वादा किया था, पंजाब के किसानों पर लगभग 90 हजार करोड़ रुपये के कर्ज था लेकिन अब तक केवल 18 हजार करोड़ रुपये ही माफ़ किये गए। मतलब, कर्जमाफी इस तरह हुई कि पंजाब के किसानों को इसका कोई लाभ नहीं मिल पाया।**

श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस की कैप्टन अमरिंदर सिंह सरकार ने पंजाब में विकास को ठप्प करने का अपराध किया है। कांग्रेस के दो साल की सरकार में ही भटिंडा और रोपड़ थर्मल पावर यूनिट बंद हो गए, ट्रक यूनियन ख़त्म हो गया, सरकारी नौकरी देना बंद हो गया, गाँवों में विकास कार्य बंद हो गए, लगभग 800 सरकारी स्कूल बंद हो गए, राज्य में लगभग 1933 सस्ती दवाई के केंद्र बंद हो गए, साढ़े सात सौ सरकारी दवाखाने बंद हो गए, आंटा-दाल के साथ लोगों को मिलने वाली चीनी 50% बंद हो गई, 2,500 रुपये मासिक पेंशन दिए जाने थे, वह भी बंद हो गया, स्कूलों में छात्रों को मिलने वाली किताबें बंद हो गई, स्कूल ड्रेस बंद हो गए, दो वर्षों से छात्रों को मिलने वाली साइकिल की स्कीम भी बंद हो गई, एससी स्कॉलरशिप मिल नहीं रही, कृषि के लिए दी जाने वाली मुफ्त बिजली बंद कर दी गई, तीर्थयात्रा की ग्रांट बंद हो गई और वर्ल्ड कबड्डी की प्रतिस्पर्द्धा भी बंद कर दी गई।** उन्होंने कहा कि **मुझे यह मालूम ही नहीं पड़ता कि कांग्रेस की कैप्टन अमरिंदर सिंह सरकार पंजाब में विकास करने वाली सरकार है या विकास को ख़त्म करने वाली सरकार।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **मोदी सरकार ने सबसे पहला काम 1984 में हुए भयावह सिख नरसंहार में दोषियों को सजा दिलाने के लिए एसआईटी का गठन किया, साथ थी, दंगा पीड़ितों को पांच-पांच लाख रुपये की सहायता राशि भी दी गई।**

उन्होंने कहा कि **30 साल तक सिख नरसंहार के एक भी दोषी को सजा नहीं मिल पाई थी लेकिन मोदी सरकार में आज सज्जन कुमार जेल की सलाखों के पीछे पहुंचे हैं।**

श्री करतारपुर साहिब मुद्दे पर बोलते हुए श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू अभी कह रहे थे कि मैं पाकिस्तान जाकर श्री करतारपुर साहिब लेकर आया। सिद्धू जी, आप करतारपुर साहिब नहीं, पाकिस्तान जाकर उस पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष से गले मिल कर आये हो जो हमारे जवानों को अकारण शहीद कर देते हैं। आपने हिन्दुस्तान को नीचा दिखाने का अपराध किया है।** उन्होंने कहा कि **सिद्धू जी, आप श्री करतारपुर साहिब लेकर नहीं आये, आप जिस पार्टी में हो, उस कांग्रेस पार्टी ने तो आजादी के समय श्री करतारपुर साहिब को पाकिस्तान को दे देने का पाप किया था। श्री करतारपुर साहिब केवल पांच किलोमीटर की दूरी पर है, यदि कांग्रेस पार्टी को करतारपुर साहिब के प्रति इतना ही सम्मान होता तो वे इसे पाकिस्तान में जाने ही न देते। यह प्रधानमंत्री श्री नेरन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार है जिसने करतारपुर साहिब कॉरिडोर की शुरुआत कर सिख श्रद्धालुओं को नमन करने का अवसर दिया है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार ने पंजाब में विकास के लिए कई विशेष कार्य किये। उन्होंने कहा कि **13वें वित्त आयोग में कांग्रेस की सोनिया-मनमोहन सरकार ने पंजाब को विकास के लिए लगभग 30,157 करोड़ रुपये की राशि दी जबकि मोदी सरकार ने 14वें वित्त में राज्य के लिए लगभग 1,61,907 करोड़ रुपये आवंटित किये।** इसके अतिरिक्त अमृतसर को हैरिटेज सिटी और स्मार्ट सिटी बनाने का निर्णय लिया गया, अमृतसर में आईआईएम और भटिंडा में एम्स की स्थापना की गई, अमृतसर में मेडिकल कॉलेज के लिए 150 करोड़ रुपये दिए गए और पटियाला मेडिकल कॉलेज को सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल में अपग्रेड किया गया है। उन्होंने कहा कि मोहाली, भटिंडा, लुधियाना और आदमपुर हवाई अड्डे का अपग्रेडेशन किया गया है और हजूर साहिब से वैष्णो देवी यात्रा के लिए मोदी सरकार ने अलग से 100 करोड़ रुपये दिए। गुरूद्वारे के लंगर और मंदिरों के प्रसाद पर से जीएसटी ख़त्म कर दी गई है। मोदी सरकार ने पंजाब को तीन मेगा फूड पार्क और चार फूड प्रोसेसिंग यूनिट सहित 41 कृषि प्रोजेक्ट दिए हैं जो किसानों की भलाई के लिए है। उन्होंने कहा कि पंजाब में नेशनल हाइवे के निर्माण के लिए लगभग 45,000 करोड़ रुपये दिए गए। साथ ही, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से राज्य की 11 लाख महिलायें लाभान्वित हुई हैं। मोदी सरकार ने फसलों का समर्थन मूल्य लागत मूल्य का डेढ़ गुना करने का निर्णय लिया है जिसका फायदा राज्य के किसानों को ही होगा।

श्री शाह ने कहा कि **एक ओर पंजाब को कांग्रेस की यूपीए सरकार से चार गुना ज्यादा ज्यादा सहायता राशि देने वाले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी है, एक ओर श्री प्रकाश सिंह बादल जी हैं जिनका पूरा जीवन पंजाब के विकास के लिए समर्पित रहा, वहीं दूसरी ओर विपक्षी गठबंधन की महामिलावटी टोली है जो देश का कभी भला नहीं कर सकती।** उन्होंने कहा कि विपक्ष के तथाकथित महागठबंधन का कोई नेता नहीं है। पहले विपक्ष बताये कि यदि गलती से भी उनकी सरकार बन गई (जो संभव नहीं है) तो उनकी ओर से प्रधानमंत्री कौन बनेगा? उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में सोमवार को बहन मायावती

प्रधानमंत्री होंगी, मंगलवार को अखिलेश यादव जी होंगे, बुधवार को चंद्रबाबू नायडू बन जायेंगे, गुरुवार को देवगौड़ा जी प्रधानमंत्री बन जायेंगे, शुक्रवार को ममता दीदी बन जायेंगी, शनिवार को स्टालिन प्रधानमंत्री बन जायेंगे और रविवार को देश छुट्टी पर चला जाएगा। इस प्रकार देश चल सकता है क्या? **विपक्षी गठबंधन चुनाव में जनादेश मांगने निकला है लेकिन पहले वह अपना नेता तो तय कर ले, एनडीए की ओर से तय है कि श्री नरेन्द्र भाई मोदी पुनः देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं क्योंकि देश की जनता यही चाहती है।** उन्होंने कहा कि भाजपा-अकाली दल और एनडीए के सभी साथी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में चुनाव लड़ने जा रहे हैं, कांग्रेस दिवास्वप्न देखना बंद कर दे, उसकी करारी हार निश्चित है। उन्होंने कहा कि **एक ओर 12 लाख करोड़ रुपये के घपले-घोटाले करने वाली कांग्रेस है दूसरी ओर मोदी सरकार जिस पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आज से देश के लघु एवं सीमांत किसानों के एकाउंट में 6,000 रुपये सालाना सीधा ट्रांसफर करने की शुरुआत की है जो किसानों को समय पर खेती के लिए खाद, बीज, सिंचाई आदि में काफी सहायक होगी। सोनिया-मनमोहन की कांग्रेस सरकार ने 10 सालों में एक बार केवल तीन करोड़ किसानों के महज 53,000 करोड़ रुपये ही माफ़ किये जबकि मोदी सरकार ने हर साल देश के 12 करोड़ से अधिक किसानों को 75 हजार करोड़ रुपये सीधे उनके बैंक एकाउंट में ट्रांसफर करने का निर्णय लिया है जो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी दूरदृष्टि और किसानों के प्रति उनकी संवेदनशीलता को दर्शाता है।**

श्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने लघु उद्योगों और छोटे उद्यमियों को सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से 40 लाख रुपये तक सालाना टर्नओवर वाले उद्यमों को जीएसटी से मुक्त कर दिया है। इसी तरह एक करोड़ टर्नओवर वाले फर्म को अब केवल 1% जीएसटी ही देना होगा। इतना ही नहीं, मोदी सरकार ने पांच लाख रुपये तक के सालाना आय को भी इनकम टैक्स से फ्री करने का निर्णय लिया है जो निवेशों के बाद सात लाख रुपये तक पहुँचती है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने आजादी के बाद पहली बार असंगठित मजदूरों के कल्याण के लिए श्रमयोगी मानधन योजना की शुरुआत की गई है जिसके तहत 60 साल की उम्र के बाद से असंगठित क्षेत्र में काम कर रहे कामगारों के लिए 3,000 रुपये मासिक पेंशन देने का निर्णय लिया गया है।

(महेंद्र पांडेय)

कार्यालय सचिव